**एक नजर में**



### सीएम जन संबल योजनांतर्गत अंत्येष्टि सहायता राशि के चेक सौंपे

**सिलवानी, 22 अगस्त.** नगर परिषद के द्वारा मुख्यमंत्री जन सबंल योजनांतर्गत अंत्येष्टि सहायता राशि के चेक परिजनो को घर पहुंच कर प्रदान किए. नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक नगर के मृतक अनिल कुमार जैन तथा शोभाबाई अहिरवार के निवास पर पहुंचें तथा योजनांतर्गत 5- 5 हजार रुपए की राशि के चेक अंत्येष्टि सहायता के तहत सौंपे तथा परिजनों को ढांढस बंधाया. इस मौके पर पूर्व नप उपाध्यक्ष संजीव जैन जेके, पार्षद प्रतिनिधि गुडडु खान, संबल योजना शाखा प्रभारी शिवम सोनी आदि मौजूद रहें.



### कुण्डाली पहुंच तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री

**सिलवानी.** पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत गुरुवार को सिलवानी तहसील के ग्राम कुण्डाली पहुंचे। यहां पर वह थान सिंह पटेल की माताजी की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुए व स्वर्गीय पूज्य माता जी को श्रृद्धांजलि अर्पित की एवं परिवार जनो को सम्बल प्रदान किया। इसके अतिरिक्त ग्राम में ही भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल के निवास पर भी पहुंचे तथा पूज्यनीय पिताश्री को श्रृद्धांजलि अर्पित की एवं परिवार जनो को सम्बल प्रदान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता हरनाम सिंह राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा मंडल प्रभारी गोपाल सिंह राजपूत सहित वरिष्ठ साथीजन साथ में उपस्थित रहे।

### माया बाई कुशवाहा के निधन से नगर में शोक

**बाड़ी, 22 अगस्त.** वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष दौलत सिंह कुशवाहा की बड़ी पुत्री माया कुशवाहा का निधन का समाचार मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई माया कुशवाहा के पति स्व. छगनलाल कुशवाहा नगर परिषद बाड़ी में लेखाअधिकारी के पद पर पदस्थ थे नगर की प्रतिष्ठित कुशवाहा परिवार की पुत्री के निधन से नगर में सामाजिक धार्मिक कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए माया कुशवाहा पूर्व मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता दौलत सिंह कुशवाहा की पुत्री थी वह लंबे अरसे से बीमार चल रही थी रक्षाबंधन के पूर्व अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें भोपाल भेजा गया यहां उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली.



# पंजीयन नहीं कराने वाले प्लॉट मालिकों पर होगी कार्रवाई

## नगर पालिका ने दिया था अल्टीमेटम

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 22 अगस्त. शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में सालों से खाली पड़े प्लॉट अब परेशानी का सबक बनते जा रहे हैं. खाली प्लॉटों में कचरा डाला जा रहा है, इनमें पानी जमा हो रहा है. जिससे गंदगी तो हो ही रही है. संक्रमण की आशंका भी बनी हुई है. बारिश की वजह से खाली प्लाटों में पानी भर गया है ऐसे में आसपास रह रहे लोग मच्छर व अन्य जीव जंतुओं से परेशान हो रहे हैं. इस समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका ने सभी प्लॉट मालिकों को 15 जुलाई तक पंजीयन करने की मोहलत दी थी.**



हालत यह है कि नपा में किसी ने भी अपना खाली प्लॉट का पंजीयन नहीं कराया. मामले में अब नगरपालिका कानूनी सलाह लेकर आगे कार्रवाई करेगी.

उल्लेखनीय के नपा ने खाली प्लाटों की वजह से हो रही गंदगी से निपटने के लिए खाली प्लाटों पर स्वामित्व का बोर्ड लगाने का निर्णय लिया था. ऐसा उन्होंने अपनी कार्रवाई से पहले 15 जुलाई तक खाली प्लॉट का पंजीयन करने का अल्टीमेट भी प्लॉट स्वामियों को दिया था. इसके लिए नगर पालिका ने पूरे शहर में मुनादी भी कराई थी. इसके बावजूद प्लॉट मालिकों ने अपने खाली पड़े प्लॉटों का पंजीयन नहीं कराया.

### समस्याओं का लगा है अंबार

नपा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि शहर में जो भी अवैध कॉलोनियां डेवलप हुई है. उनमें जिन व्यक्तियों द्वारा प्लॉट खरीदे गए हैं उनके कई वर्षों से खाली पड़े हैं. यहां कचरा एवं गंदे पानी के कारण मच्छर तो पानप रहे हैं साथ ही अन्य जीव जंतु भी परेशानी बने हुए हैं. जिससे आसपास के रहवासियों को बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है. जैसे कि नगर की अवैध कॉलोनियों में स्टेट बैंक कॉलोनी, लक्ष्मी नगर श्याम नगर, अयोध्या नगर कॉलोनी, बालाजीपुरम, गोल्डन कॉलोनी, न्यू सिटी कालोनी, आंनद नगर, गांधी नगर, नाग कॉलोनी, न्यू गांधी नगर कॉलोनी, पीसी नगर चकला, शिवशक्ति पुरम कॉलोनी, पारस सिटी, पक्का फाटक कॉलोनी, डीडी कॉलोनी, हनुमान बाग कॉलोनी, ऊंट छाप कॉलोनी, बाबू भाई कॉलोनी एवं वृन्दावन धाम कॉलोनी इत्यादि में कॉलोनाइजर द्वारा प्लॉटों की बिक्री तो कर दी लेकिन कॉलोनी विकसित नहीं किए जाने से अव्यवस्था फैली हुई है. यहां के वाशिंदे मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं. उक्त कॉलोनियों में आधे से ज्यादा प्लॉट खाली पड़े होने से समस्याओं का अंबार लगा हुआ है. नपा सीएमओ कृष्णकांत शर्मा का कहना है कि प्लॉट मालिकों एवं कालोनाइजरों को पुन: नोटिस देकर सचेत किया जाएगा यदि उन्होंने व्यवस्था नहीं की तो कार्रवाई की जाएगी.

# जान जोखिम में डाल मालगाड़ी के नीचे से गुजर रहे लोग

## सलामतपुर स्टेशन पर मौजूद नहीं रहते आरपीएफ-जीआरपीएफ जवान



अदनान खान

**सलामतपुर, 22 अगस्त. सलामतपुर रेलवे स्टेशन के दोनों और रेलवे ने सेफ्टी बाउंड्रीवाल बनाई है. ताकि हादसों में कमी आए. और कोई भी इंसान या जानवर आसानी के साथ रेलवे लाइनों के पास ना पहुंच सकें. लेकिन उसके बाद भी हैरान कर देने वाली तस्वीरें यहां से सामने आई हैं. लोग यहां पर जल्दबाजी में अपनी अनमोल जिंदगी को खतरे में डालने से बाज़ नहीं आ रहे हैं.**

क्या पुरुष, क्या महिलाएं छोटे-छोटे बच्चे सहित रेलवे स्टेशन पर स्थित फुट ब्रिज की बजाए रेलवे ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से बड़े ही आराम से अपनी जान को खतरे में डालते हुए आते जाते हुए नज़र आ रहे हैं. अगर इस दौरान रेलवे ट्रैक पर खड़ी ट्रेन ग्रीन सिगनल होने पर अचानक चल पड़े तो फिर इस रेलवे ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से अपनी जान को खतरे में डालकर गुजर रहे शख्स का क्या हाल हो सकता है. उसकी कल्पना करके भी जिस्म में सिहरन दौड़ जाती है.

**कई स्थानों पर बनाई गई है सेफ्टी बाउंड्रीवाल:** ट्रेन, यात्री और ट्रैक की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे विभाग भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाकर बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य पूरा किया है. जिसमें भोपाल से हबीबगंज स्टेशन और निशातपुरा से भोपाल के बीच 8 किलोमीटर क्षेत्र में बाउंड्रीवॉल बनाई जा रही है.

**कई ग्रामीण हो चुके हैं हादसे का शिकार:** सलामतपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी हुई ट्रेन के नीचे से निकलने के दौरान राजीवनगर के कई ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं. उसके बाद भी स्थानीय ग्रामीण ट्रेन के नीचे से निकलना नही छोड़ रहे हैं. जबकि 2 ग्रामीण ट्रेन के नीचे से निकल रहे थे उसी समय अचानक ट्रेन चल पड़ी और वह ट्रेन के पहियों के नीचे आकर मौत के आगोश में समा गए.

### इनका कहना है.....

रेलवे ने सेफ्टी बाउंड्रीवाल इसलिए बनाई है कि कोई भी इंसान या जानवर आसानी के साथ रेलवे लाइनों तक ना पहुंच सके. और हादसों में भी कमी आएं. लेकिन आदिवासी बस्ती के लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे पटरी क्रॉस करके ट्रेन के नीचे से नही निकलना चाहिए. जब कि रेलवे ने लोगों की सहूलियत को देखते हुए यहां पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण भी करा रखा है. उसके बाद भी यह लोग ट्रेन के नीचे से निकलते हैं. इस पर रोक लगना चाहिए.

**मूलचंद यादव, पूर्व सरपंच सुनारी सलामतपुर.**

फुट ओवरब्रिज से चढ़कर निकलने में बहुत समय लगता है. इसलिय हम लोग रेलवे लाइन क्रॉस करके निकल जाते हैं. कभी कभी ट्रेन के नीचे से भी निकल जाते हैं. इससे हमारे समय की बचत होती है.

**रूपेश आदिवासी, राजीवनगर.**

सलामतपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस के जवान मौजूद नहीं रहते हैं. जिसकी वजह से होने वाली घटना या दुर्घटना के समय पुलिस समय से नही पहुंच पाती है. शासन प्रशासन को इस और ध्यान देकर समस्या का जल्द समाधान करना चाहिए.

**दीपक अहिरवार, स्थानीय निवासी**

# ग्रामीण क्षेत्र में हो रहा नगर पालिका निधि से विकास

## स्ट्रीट लाइट लगने अंधेरे की समस्या होगी दूर

**बेगमगंज, 22 अगस्त.** स्थाई सीएमओ नहीं होने के कारण नगरपालिका परिषद की परिषद में बिना प्रस्ताव किए ग्रामीण क्षेत्र फतेहपुर पंचायत की सीमा से लगी एक अवैध कॉलोनी में नगरपालिका निधि से विकास कार्य कराए जाने का आरोप कुछ पार्षदों द्वारा लगाया गया है कि नियम की जानकारी के अभाव में अस्थाई प्रभारी सीएमओ द्वारा कुछ भी कराया जा रहा है, देखने और समझने वाला कोई नहीं है। बड़े स्तर पर आर्थिक अनिमितताओं के चलते नपा परिषद विवादों के घेरे में आ गई है। इधर कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल ने भी परिषद के खिलाफ मोर्चा [illegible] दिया है।

ग्राम फतेहपुर एवं नगर की सीमा से जुड़े मार्ग तथा वहां पर विकसित हो रही एक कॉलोनी की सड़क व गलियों में चुपके से बड़ी संख्या में विद्युत लाइन का विस्तार करते हुए स्ट्रीट लाइट लगाई गई है जबकि नगर में कई वार्डों में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से अंधेरा पसरा हुआ है। पार्षदों का आरोप है कि उक्त कार्य बिना परिषद में प्रस्ताव पास किए कराया गया है और आगे भी कराया जा रहा है। नगर के मुख्य मार्गो में नगर पालिका भवन के पीछे शाहपुर हदाईपुर मार्ग, पक्का फाटक चल समारोह में स्टीट लाइट की नितांत आवश्यकता है।

### नपा की हो रही आर्थिक हानि

इस तरह के कार्यों से नगरपालिका की आर्थिक हानि हो रही है। वहीं व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य को तत्काल बंद किए जाने की मांग के साथ नाम ना छापने की शर्त पर कुछ पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि उपरोक्त कार्य को तत्काल बंद करके वहां से स्ट्रीट लाइन नगरीय क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने की आवश्यकता बताई कहाकि यदि ऐसा नहीं हुआ तो वह लोग उच्च स्तरीय विभागीय शिकायत के साथ ही लोकायुक्त में भी शिकायत दर्ज कराएंगे और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करवाएंगे।

### नाव घाट पर हुआ महा भंडारा

**बाड़ी, 22 अगस्त.** नगर का चमत्कारिक धर्मस्थल नाव घाट पावन धाम पर मासिक रामायण पाठ निरंतर चल रहा था. लगभग 30 दिन के इस महा रामायण पाठ का आज समापन किया गया. हवन आहुति उपरांत समिति सदस्यों द्वारा नगर का भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सभी नगरवासियों को सूचना देकर आमंत्रित किया गया. नगर में भारी संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ही ग्रहण कर हनुमान जी महाराज का प्रसाद ग्रहण किया. नगर की परंपरा अनुसार आयोजित कार्यक्रम में श्रोता और वक्त का मिलन धर्मस्थल के रूप में यह स्थान पहचाना जाता है. नगर की परंपरा अनुसार प्रतिवर्ष श्रावण माह में यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है समिति सदस्यों ने सभी सदस्यों द्वारा किए गए धार्मिक कार्य में सहयोग के लिए साधुवाद माना है.

# शराब के नशे में धुत ड्राइवर को पकड़ा

**दीवानगंज चौकी पुलिस ने धारा 207 के तहत ट्रक किया जब्त**

**स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे**

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 122 अगस्त. लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने और दूसरों की जिंदगी को संकट में डालने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. ऐसा ही एक मामला भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दीवानगंज के कुल्हाड़िया में गुरुवार को सामने आया है जहां पर एक आयशर ट्रक चालक शराब के नशे में धुत ट्रक को लहराते हुए सड़क पर चला रहा था. इस दौरान उसने एक कार को भी कट मार दिया. वो तो गनीमत रही की कार चालक ने समय रहते कार को सड़क के नीचे उतार लिया वरना बड़ा हादसा हो सकता था.**




किसी वाहन को शराबी ट्रक ड्राइवर नुकसान पहुंचता इससे पहले मौजूदा लोगों ने इसकी सूचना दीवानगंज पुलिस को दे दी. दीवानगंज चौकी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ट्रक एमपी04 जीबी 4571 को अपने कब्जे में लेकर ड्राइवर का मेडिकल करवाया गया. मेडिकल में ट्रक ड्राइवर शराब पिए हुए बताया गया. पुलिस ने 185 के तहत ट्रक ड्राइवर पर मामला दर्ज किया गया है.

### 4 लाइन करने की मांग की

भोपाल विदिशा नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं. इन रोड होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है. वहीं सलामतपुर, सांची, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने भी इस स्टेट हाइवे 18 सड़क को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है. गौरतलब है कि एनएच 146 और स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं. जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है. सलामतपुर, सांची व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोड हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है.

# डेंगू, मलेरिया से बचने घरों में ना होने दें गंदा पानी जमा

## मलेरिया से बचाव के लिए प्रचार प्रसार अभियान के साथ स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 22 अगस्त. डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा प्रचार प्रसार के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है कि डेंगू ओर मलेरिया के मच्छर अपने घरों एवं आसपास न पनपने डेंगू, मलेरिया इंसान की जिंदगी के लिए घातक है. नगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए प्रचार प्रसार अभियान के साथ स्वास्थ्य परीक्षण भी चल रहा है.**

सीबीएमओ डॉ. डीके गुप्ता ने मलेरिया से बचाव के लिए घरों के गमलों, कूलर, बेकार पड़े टायरों में मच्छर पनपने की बात बताते हुए कहा कि इन सभी में जमा पानी को फेंका जाए और बेकार पड़े कंटेनर में पानी जमाना हो रहने दे. जमे हुए पानी को बहा दें. जिससे मलेरिया के मच्छर पैदा ना हो सके. नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के घरों में आजकल पानी को संचय करने की प्रवृत्ति से अक्सर सभी व्यक्तियों के घरों में पानी कंटेनर में 2 दिन से ज्यादा रखने लगे हैं. सीमेंट की टंकी, प्लास्टिक की टंकी पानी की होद, नांद, मटका, घरों में रखे हुए फूलदान, मनी प्लांट एवं कूलर में यदि पानी जमा रहता है, तो इनमें मच्छर बड़ी संख्या में पनपते हैं.

मलेरिया से बचने का एकमात्र उपाय है कि अपने घरों एवं आसपास पानी जमा ना होने दें और मच्छरदानी का उपयोग करें. गंदा एवं साफ पानी को खाली किया जाना चाहिए एवं नियमित सफाई की होना चाहिए.

पानी जमा होने वाले बर्तनों सामग्री में पानी नहीं जमा होना चाहिए. शाम को घरों के आसपास धुंआकरने से मच्छर भाग जाते हैं.

> मलेरिया के लक्षण सर्दी, कंपन के साथ तेज बुखार, उल्टी सर दर्द, पसीना आकर बुखार चढ़ना और उतरने के बाद थकान और कमजोरी होना, यह मलेरिया के लक्षण है. बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या फिर एएनएम व आशा कार्यकर्ता से निशुल्क जांच करवाएं. इसमें लापरवाही ना करें. मलेरिया जानलेवा सिद्ध हो सकता है इसलिए सावधान रहें.

# 1 माह बीतने के बाद भी नहीं लगा वेयर हाउस में हुई चोरी का सुराग

## अज्ञात चोरों ने 2 दिन में 18 क्विंटल चना पर किया था हाथ साफ

**सिलवानी 22 अगस्त. वेयर हाउस में हुई चोरी का करीब 1 माह बीत जाने के बाद भी सिलवानी पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है. यहां पर चोरों ने 2 दिन तक लगातार चोरी की वारदात को अंजाम दिया. यहां से चोर 2 दिन में 18 क्विंटल चना चोरी कर ले गए. चोरी गए चना की कीमत करीब 1 लाख बताई जा गई है.**




स्टेट हाईवे 15 पर तहसील मुख्यालय से करीब 5 किलों मीटर दूर मुख्य मार्ग पर स्थित शांतिराज वेयर हाउस को बीते माह चोरो ने अपना निषाना. यहां पर चोरो ने 2 दिन तक लगातार चोरी की बारपदात को अंजाम दिया. अज्ञात चोरो ने रात्रि के समय वेयर हाउस का ताला तोड़ कर 18 क्विंटल चना चोरी कर ले गए. वेयर हाउस संचालक ने चोरी की रिपोर्ट सिलवानी थाने में दर्ज कराई थी. लेकिन करीब एक माह बाद भी पुलिस के हाथ आरोपियो के गिरेवान तक नही पहुंच सके है. वेयर हाउस संचालक जयबाबू जैन ने बताया कि दो दिन से उनके वेयर हाउस के ताले तोड़कर कोई चना चुरा कर ले जा रहा है. एक दिन पहले हुई चोरी की रिपोर्ट सिलवानी थाने में दर्ज करा दी थी.

**धर्म** | **तारण तरण जैन चैत्यालय में बताया जीवन में सिद्धांत क्यों आवश्यक**

# जीव सिद्धांत का सहारा ले तो वह भी समता, शांति धारण कर सकता है - शांतानंदजी

नव भारत न्यूज

**सिलवानी 22 अगस्त-नगर के तारण तरण जैन चैत्यालय में बाल ब्रम्हचारी शांतानंदजी ने गुरुवार को बताया कि समय पर समझ आ जावे तो जीव सार्थक जीवन जी सकता है, यदि समय पर समझ ना आए जो जीवन में समरसता नही आती है. आत्मा का मान सम्मान बाहरी मान सम्मान से अधिक होता है बाहरी मान सम्मान क्षणिक सुख देता है जबकि आंतरिक सम्मान जीव को सात्विकता की और ले जाता है. जीव को आत्मा के सम्मान की तरफ दृष्टि बनाए रखना चाहिए.**



न्होने बताया कि सिद्धांत का आश्रय लिए बगैर जीव परिणामों में समता, शांति नही रख सकता है. मुनि वीतरागी होकर सिद्धांतो पर अडिग रह कर समता शांति धारण करते हैं. जीव सिद्धांतो को आत्म सात करे तो वह भी समता शांति धारण कर सकता है. लेकिन परेषान होने पर ही जीव सिद्धांत पर आता है.

बाल ब्रम्हचारी शांतानंदजी ने बताया कि ज्ञानी व्यक्ति कार्य आरंभ करने के पूर्व ही सिद्धांत का पालन कर लेते है जबकि अज्ञानी काम प्रारंभ करने के बाद असफल होने पर सिद्धांत की चर्चा करते है. आत्म कल्याण करना चाहते हो तो आत्म कल्याण करने के साधन जुटाने होगे, साधन जुटाए बगैर आत्म कल्याण नही किया जा सकता है.

> यदि जीव श्रद्वा भक्ति व समर्पण के साथ कार्य करता है तो उसके द्वारा किया गया कार्य कभी भी असफल नही हो सकता है. श्रद्वा भक्ति व समर्पण से सफलता प्राप्त होती है. ज्ञान प्राप्त करना है तो स्वाध्याय अति आवश्यक है बगैर बीजारोपण के फल की प्राप्ति नही हो सकती है. पुरुषार्थ करना आवष्यक होता है बिना पुरुषार्थ किए कार्य की सिद्वी नही होती है जैसे जमीन में बीज डाले बगैर फल नही आता है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन सह भागिता कर रहे है.